भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1851

सोमवार, 13 मार्च, 2023/22 फाल्गुन, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

चुनौती माध्यम से पर्यटन स्थलों का विकास

†1851. श्रीमती केशरी देवी पटेलः

डॉ. संघमित्रा मौर्यः

डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः

श्री कृपानाथ मल्लाहः

श्रीमती जसकौर मीनाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के भीतर घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए एक पूर्ण पैकेज के रूप में विकसित करने हेतु चुनौती मोड के माध्यम से पचास पर्यटन स्थलों का चयन करने की योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस योजना के अंतर्गत संभावित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;

(ङ) इस योजना के अंतर्गत प्रारंभ में कितने राज्यों को शामिल किए जाने की संभावना है;

(च) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत तमिलनाडु को शामिल करने की योजना बनाई है;

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसे कब तक कवर किए जाने की संभावना है; और

(ज) इस योजना को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ज) : वित्तीय वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में यह बताया गया है कि 'एकीकृत और नवाचार दृष्टिकोण के साथ चैलेंज मोड के माध्यम से कम से कम 50 गंतव्यों का चयन किया जाएगा । भौतिक कनेक्टिविटी, वर्चुअल कनेक्टिविटी, पर्यटक गाइडों, फूड स्ट्रीट और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए उच्च मानक जैसे पहलुओं के अतिरिक्त सभी संबंधित पहलुओं को

पर्यटक अनुभव में वृद्धि करने के लिए एक ऐप पर उपलब्ध करवाया जाएगा । प्रत्येक गंतव्य को एक संपूर्ण पैकेज के रूप में विकसित किया जाएगा।'

इसके पश्चात् पर्यटन मंत्रालय ने बजट उद्घोषणाओं के कार्यान्वयन हेतु हितधारकों के उपयोगी इनपुट लेने के उद्देश्य से 'मिशन मोड में पर्यटन विकास' पर दिनांक 03 मार्च, 2023 को पोस्ट बजट वेबिनार का आयोजन किया । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने इससे संबंधित कार्यनीति तैयार करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है ।

*****